बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना–800001

आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या 02/2017 के अंतर्गत सहायक अभियन्ता (असैनिक) के पद पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा विज्ञापन प्रकाशित कर सुयोग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करते हुए दिनांक 15.09.2018 को प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन किया गया। आयोग द्वारा प्रश्नों के आदर्श उत्तर प्रकाशित करते हुए अभ्यर्थियों से आपत्ति आमंत्रित की गई। प्राप्त आपत्ति आवेदनों पर आयोग द्वारा गठित विशेषज्ञों की समिति द्वारा गहन समीक्षोपरांत तैयार अंतिम आदर्श उत्तर के आधार पर उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए दिनांक 30.01.2019 को प्रारंभिक परीक्षा का परीक्षाफल घोषित किया गया। प्रारंभिक परीक्षा में सफल उम्मीदवारों का मुख्य (लिखित) परीक्षा दिनांक 27.03.2019 से 31.03.2019 तक संपन्न हुआ। प्रारंभिक परीक्षा में असफल कतिपय उम्मीदवारों द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, पटना में C.W.J.C No 3670/2019 में वाद दायर किया गया जिसमें उक्त परीक्षा के चार प्रश्नों के उत्तर पर प्रश्नचिन्ह् लगाया गया। माननीय न्यायालय द्वारा पारित न्यायादेश में उक्त चार प्रश्नों के उत्तर पर एक अलग विशेषज्ञ समिति का गठन कर उन चार उत्तरों को पुनर्जांच करने का निर्देश दिया गया। माननीय उच्च न्यायालय के उक्त निर्णय पर आयोग की पूर्ण पीठ के सम्यक विचारोपरांत लिये गये निर्णय के आलोक में आयोग द्वारा दिनांक 16.05.2019 को अपील वाद L.P.A No. 642/2019 दायर किया गया। प्रश्नगत वाद सम्प्रति माननीय न्यायालय में विचाराधीन है। आयोग स्तर से उक्त वाद के जल्द निस्तारण हेतु आवश्यक कारवाई की गयी है। वाद के निस्तारण के पश्चात् आयोग द्वारा अविलम्ब अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

20.8.20

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना